CoverageReport: TCS IT Wiz – Nagpur Edition

Publication: VidharbakiBaat
Date: 20/09/2014
Edition: Nagpur
Page No: 7
Headline: Center Point School, wins TCS IT WIZ

सेंटर पॉईंट स्कूल ने जीता टीसीएस आइटी विज़ खिताब

व्यापार प्रतिनिधि

नागपुर, 19 सितंबर। नागपुर के विभिन्न स्कूलों के 850 से ज्यादा छात्रों ने डा. वसंतराव देशपांडे हॉल, एमएलए हॉस्टल के सामने, सिविल लाइंस में आयोजित टीसीएस आइटी विज़ में हिस्सा लिया। भारत के सबसे बड़े अंतरविद्यालयी आइटी क्विज़ समारोह-टीसीएस आइटी विज़ का आयोजन अग्रणी आइटी सेवा प्रदाता, सलाहकार और बिजनेस सॉल्यूशंस मुहैया करानेवाली कंपनी टीसीएस द्वारा किया जाता है।

दिलचस्प क्षेत्रीय फाइनल मुकाबलों के बाद सेंटर पॉईंट स्कूल काटोल रोड के अनिरुद्ध मोरारका और शॉविक डे ने खिताब जीता।

इस साल के क्षेत्रीय विजेता टीम के हर सदस्य को आइपैड एयर दिया गया जबकि उपविजेता रहे एसएफएस जुनियर कॉलेज, सेमिनरी हिल्स के राहुल भगत और दिनेश नायर आइपैड मिनी हासिल करने में कामयाब रहे। इसके साथ उन्हें मेडल और विशेष रूप से तैयार की गई ट्राफी भी दी गई। अंतिम 6 प्रतियोगियों को टीसीएस की ओर से इस श्रृंखला में स्पेस पैक, सिपर्स, इयरफोन, यूएसबी पेनड्राइव, स्पीकर जैसे अन्य इनाम दिए गए। पुरस्कारों का वितरण रंजन बंदोपाध्याय, वाइस प्रेसीडेंट एवं ग्लोबल एचआरप्रमुख -टीसीएस बीपीएस सर्विसेज़ ने किया।

ट्वीट एंड अर्नमाइलेज ट्विटर कांटेस्ट में करीब 4200 ट्वीट आए। दो सर्वश्रेष्ठ विजेताओं को कैप और ब्लूटूथ स्पीकर दिए गए। इस ट्विटर कांटेस्ट में अर्निंग माइलेज सिस्टम भी शामिल था, जिसमें प्रत्येक ट्वीट खिलाड़ियोंको 1 अंक देता था। पिक्चर के साथ ट्वीट करने पर 3 अंक और रीट्वीट के बदले उन्हें 5 अंक मिलने थे। 14 शहरों में से जोभी छात्र सबसे ज्यादा ट्वीट करके अधिक अंक हासिल करेगा उसे मुंबई में टीसीएस आइटी विज का मेगा फाइनल देखने का मौका मिलेगा।